# -: महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय :-

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय का निर्माण भामाशाह स्वर्गीय श्री बैजनाथ चौधरी जी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा देवी चौधरी ने अपने सुपुत्रों श्री विश्वनाथ चौधरी, श्री दिलीप कुमार चौधरी, श्री गोविन्द राम चौधरी, श्री विमल कुमार चौधरी के सहयोग से अपने स्वर्गीय पिता श्री कुंजीलाल चौधरी व स्वर्गीय माता श्रीमती चंपादेवी चौधरी की याद में करवाया था। इसके लिए सर्वप्रथम समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं बैजनाथ चौधरी परिवार को कोटि – कोटि प्रणाम करती हूँ।

❖ महाविद्यालय का शिलान्यास दिनांक 12 मई 2013 को भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कर कमलों द्वारा किया गया था। शिलान्यास समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती गीता भुक्कल, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह यादव, पूर्व लोकसभा सांसद श्रीमती श्रुति चौधरी, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव श्रीमती अनीता यादव, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रावदान सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

❖ महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन दिनांक 21 नवम्बर 2015 को माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी के कर कमलों द्वारा किया गया था। उद्घाटन समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री श्री रामविलास शर्मा, लोकसभा सांसद श्री धर्मबीर सिंह चौधरी तथा नांगल चौधरी विधायक डॉ० अभय सिंह यादव उपस्थित थें।

❖ प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भामाशाह स्व. श्री बैजनाथ चौधरी जी की प्रतिमा का अनावरण दिनांक 29 फरवरी 2020 को मठाधीश अस्थल बोहर एवं कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी जी के करकमलो द्वारा किया गया था। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री धर्मवीर चौधरी, दडौली आश्रम से स्वामी श्री शरणानंद जी एवं नांगल चौधरी विधायक डॉ० अभय सिंह यादव जी आदि गरिमामयी हस्तियां उपस्थित थी।

## महाविद्यालय परिवार :–

महाविद्यालय में विभिन्न संकाय में 10 स्थायी प्राध्यापक व 13 एक्सटेंशन लेक्चरर कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त एक पुस्तकालय रैस्टोरर तथा कार्यालय में एक उप–अधीक्षक, एक लिपिक, एक कनिष्ठ एल.ए, कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में आठ कर्मचारी आउट सोर्स पोलिसी के तहत तथा दो सुख सहायक स्थायी तौर पर कार्यरत हैं। ये सभी अपना कार्य पूरी निष्ठा व लग्न से कर रहे हैं। इसके लिए ये सभी बधाई के पात्र हैं।

## शैक्षणिक उपलब्धियां :–

महोदय वर्तमान में महाविद्यालय में बी.ए, बी.एस.सी, बी. कॉम० में कुल 1029 छात्राएँ अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय में दस कमरे, छः लैब व एक कम्प्यूटर लैब हैं। गत वर्ष महाविद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। बी.एस.सी. मैडिकल का परीक्षा परिणाम 94.44 प्रतिशत, बी.एस.सी. नॉन मैडिकल का परिणाम 95.83 प्रतिशत, बी.ए. का परिणाम 47.39 प्रतिशत तथा बी.कॉम का परिणाम 96.87 प्रतिशत रहा।

**कला संकाय की उत्कृष्ट छात्राएँ :—**

पूनम कुमारी (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने 75.70 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, मुस्कान गोयल (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने 73.79 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा रेखा योगी (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने 73.58 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**बी.एस.सी. नॉन – मैडिकल की उत्कृष्ट छात्राएँ :—**

- प्रिया (बी.एस.सी. नॉन – मैडिकल तृतीय वर्ष) ने 74.37 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, रीतिका (बी.एस.सी. नॉन – मैडिकल तृतीय वर्ष) ने 74.27 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा भावना (बी.एस.सी. नॉन – मैडिकल तृतीय वर्ष) ने 72.06 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

**बी.एस.सी मैडिकल की उत्कृष्ट छात्राएँ :—**

- निक्की (बी.एस.सी. मैडिकल तृतीय वर्ष) ने 79.10 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, करूणा वर्मा (बी.एस.सी. मैडिकल तृतीय वर्ष) ने 75 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा सानिया (बी.एस.सी. मैडिकल तृतीय वर्ष) ने 73.89 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

**बी.कॉम की उत्कृष्ट छात्राएँ :—**

- कामना (बी.कॉम तृतीय वर्ष) ने 63.30 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, अंशु कुमारी यादव (बी.कॉम तृतीय वर्ष) ने 60.13 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा रविना कुमारी (बी.कॉम तृतीय वर्ष) ने 60.05 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

महोदय जी, दक्षिण हरियाणा के अन्तिम छोर पर स्थित यह महाविद्यालय सीमित संसाधनों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा है तथा इन सराहनीय परिणामों के लिए प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं।

## पुस्तकालय :—

महाविद्यालय का पुस्तकालय सभी सुविधाओं से सुसज्जित हैं, जिसमें महाविद्यालय की छात्राएं बैठकर अध्ययन करती हैं। इस पुस्तकालय में कुल 6795 पुस्तकें हैं। जिसमें 2022 पुस्तकें बैजनाथ चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा दान की गई, 3309 पुस्तकें सरकार द्वारा प्राप्त ग्रान्ट से, 1319 पुस्तकें प्लेसमेंट सेल से, 145 पुस्तकें बुक बैंक से हैं। इस सत्र में चार वूडन टेबल और एक LED 50 इंच लैप्स लाइब्रेरी सिक्योरिटी फण्ड से खरीदी गई। पुस्तकालय के लिए 3,50,000/- रूपयें की निदेशालय से ग्रांट आयी, जिसके अन्तर्गत :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. वूडन टेबल | - 02 | 2. पुस्तकें | - 403 |
| 3. कूलर | - 04 | 4. बुक शैल्फ | - 10 |
| 5. समाचार पत्र स्टैन्ड़ | - 04 | 6. पत्रिका स्टैंड | - 02 |
| 7. सोफा सैट | - 02 | 8. प्लास्टिक कुर्सी | - 15 |

ये सभी सामान पुस्तकालय के लिए खरीदा गया।

पुस्तकालय में Soul 2.0 Software E – Digital Library की सुविधा उपलब्ध हैं, व दो कम्प्यूटर उपलब्ध हैं, जिससे छात्राओं को E- पुस्तकें आसानी से प्राप्त हो जाती हैं। इस वर्ष से छात्राओं के Bar Code परिचय पत्र बनवाये गये हैं, ताकि छात्राओं को पुस्तकें लेने व देने में सुविधा हो। पुस्तकालय के साथ ही Reading room है। जिसको इस सत्र में तैयार करवाया गया है। जिसमें 100 छात्राऐं बैठ कर अध्ययन कर सकती हैं।

❖ महोदय इन पुस्तकों के अतिरिक्त विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन व अपने विषय की आधुनिकतम व अन्य सामान्य जानकारी प्राप्त करने के लिए 06 समाचार पत्र व 06 मैगजीन (अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलॉजी, करन्ट अफेयर वार्षिकांक, प्रतियोगिता दर्पण, गृह शोभा, मूमल करंट जीके, हरियाणा करन्ट जीके, गृह लक्ष्मी, दो करन्ट साइस जनरल) भी महाविद्यालय के पुस्तकालय में आते हैं। इस कार्य को श्री कुलदीप जी पुस्तकालय प्रभारी तथा कुमारी शोभना रैस्टोरर बड़ी लग्न व मेहनत से कर रहें है। इसके लिए ये बधाई के पात्र हैं।

## खेल गतिविधियां :–

इस सत्र में महाविद्यालय को निदेशालय से 40,000/- रूपये की ग्रान्ट प्राप्त हुई जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय की चौथी वार्षिक खेल – कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 17 व 18 फरवरी 2022 को किया गया। दो दिवसीय वार्षिक खेल – कूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य Dr. M. R. Lamba (HES – I Govt. P.G. College, Mahendergarh) ने शिरकत की व खलों का शुभारम्भ करवाया तथा समापन पर मुख्य अतिथि के तौर पर श्री मनोज कुमार (SDM Narnaul) उपस्थित थे, उन्होने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्राओं की विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के आधार पर पूनम को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री रामानंद अग्रवाल जी ने बैजनाथ चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 11000/- रुपये छात्रा प्रतिभागियों को दिए गए। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 1100/- रूपये SDM Narnaul द्वारा, 1100/- रुपये श्री मनोज जाखड़ जी (प्राचार्य B.Ed. College, Nayan) द्वारा, 1100/- रुपये डॉ० अनिता तंवर द्वारा (प्राचार्या B.C.G.C.W, Nangal Chaudhary), 500/- रुपये श्री रमेशचन्द सैनी जी ने प्रदान किए।

महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी छात्रा पूनम कुमारी ने इंदिरा गाँधी यूनिवर्सिटी मीरपुर, रेवाड़ी द्वारा आयोजित परीक्षण में 3000 मीटर दौड़ एवं लॉग जम्प में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला प्रशासन महेन्द्रगढ़ में 26 जनवरी 2022 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर भी इस छात्रा को सम्मानित किया गया। जिसके लिए श्रीमती ममता यादव, (एक्टेंशन लक्चेरर, भूगोल) बधाई की पात्र हैं। इन सब गतिविधियों को सफल बनाने के लिए खेल प्रभारी श्रीमती संतोष यादव जी (प्रा० जीव विज्ञान) बधाई की पात्र हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :–

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक यूनिट है, इस यूनिट ने अपने उद्देश्य 'Not Me But You' के तहत इस सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया :–

1. इसके अन्तर्गत वन महोत्सव, स्वच्छता पखवाड़ा, आजादी का अमृत महोत्सव, पोषण माह, राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस, तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान, राष्ट्रीय एकता दिवस, बाल दिवस, संविधान दिवस, युवा दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस भी महाविद्यालय में मनाये गए।

2. इस युनिट ने दिनांक 04 दिसम्बर 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस, नेहरू युवा केन्द्र, नारनौल के साथ मिलकर संचालित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने पोस्टर मेंकिग, रंगोली, नुक्कड़ नाटक, गीत लेखन, भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाली छात्राओं को नेहरू युवा केन्द्र की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।
3. श्रीमती ममता बायला के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की 50 स्वयं सेविकाओं ने दिनांक 08 फरवरी से 14 फरवरी 2022 तक सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम नौलायजा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। कैंप के दौरान आजादी का अमृत महोत्सव, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी एवं साफ सफाई के लिए ग्रामवासियों को जागृत किया। कैम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी रामानंद अग्रवाल जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्राचार्या डॉ० अनिता तंवर जी ने शिरकत की। समापन पर मुख्य अतिथि श्रीमती रोशनी देवी (पूर्व सरपंच) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ० अनिता तंवर जी रहे हैं। शिविर में दीपिका कुमारी को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका का खिताब देकर सम्मानित किया गया।
4. राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय परिसर में दो एक दिवसीय कैम्पों का आयोजन किया गया।
5. दिनांक 16 से 22 नवम्बर 2021 तक सात दिवसीय राज्य स्तरीय एन. एस. एस कैम्प का आयोजन सी. बी. एल. युनिवर्सिटी, भिवानी में हुआ। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ममता बायँला जी के नेतृत्व में दो छात्राओं ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रियंका B.A. $2^{nd}$ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके लिए कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ममता बायँला जी व छात्राएं बधाई की पात्र हैं।

इन सभी गतिविधियों के सफल संचालन के लिए कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ममता बायँला जी (प्रा० अर्थशास्त्र) बधाई की पात्र हैं।

## महिला विकास – प्रकोष्ठ :–

महाविद्यालय की छात्राओं के चहुंमुखी विकास के लिए महिला प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्य कर रहा हैं।

1. महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में वर्षभर विभिन्न गतिविधियों :– स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, मेहन्दी, एकल नृत्य, रंगोली, बैस्ट आऊट ऑफ वेस्ट, पॉट डेकोरेशन, पेपर क्राफ्ट, कविता, भाषण, स्लाद मेकिंग, वाद–विवाद, निबंध लेखन तथा क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताओं का महाविद्यालय स्तर पर व ऑनलाइन राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
2. महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने व कानूनी जानकारी से अवगत कराने के लिए एडवोकेट श्रीमती गिरीबाला जी का व्याख्यान करवाया गया।
3. महाविद्यालय में 8 मार्च 2022 को ''अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सतीश अग्रवाल जी (क्षेत्रीय प्रबंधक सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, रेवाड़ी), शाखा प्रबंधक श्री विनोद कुमार मीणा जी उपस्थित रहे, इस अवसर पर छात्राओं द्वारा भाषण व वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, रेवाड़ी द्वारा सभी प्रतिभागी छात्राओं को जल पान करवाया गया व विजेता छात्राओं को स्मृत्ति चिन्ह देकर समानित किया और छात्राओं के लिए 15 हजार रूपये की राशि का R.O भी दान किया गया। इसके लिए मैं श्री सतीश अग्रवाल जी (क्षेत्रीय प्रबंधक सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, रेवाड़ी) का धन्यवाद करती हूँ।

4. महोदय जी महिला विकास – प्रकोष्ठ में इस वर्ष एक लाख रूपये की ग्रान्ट निदेशालय से प्राप्त हुई। जिससे 50,000 हजार की ग्रांट में 5 वर्कशॉप :– Art and Craft, मार्शल आर्ट, योगा, सिलाई तथा ब्यूटी पार्लर वर्कशॉप लगवाई गई व विभिन्न गतिविधियों में विजेता छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत इसी सत्र में 50,000 हजार रूपये की ग्रांट से 18 बैंचे छात्राओं के बैठने के लिए खरीदे गए।

इन सभी गतिविधियों के सफल संचालन के लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती ममता बायला जी (प्रा० अर्थशास्त्र) बधाई की पात्र है।

## पढ़ो और कमाओं योजना :–

सत्र 2021-22 में पढ़ो और कमाओं योजना के अतंर्गत 50,000/- रूपये की राशि निदेशालय, उच्चतर शिक्षा हरियाणा, पंचकूला से अनुदान के रूप में प्राप्त हुई, इस योजना के अंतर्गत गरीब व होनहार 13 विद्यार्थियों का मैरिट के आधार पर चयन कर उन्हें लाभन्वित किया गया। इसके सफल संचालन के लिए डॉ० अखिलेश कुमार व कमेटी के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### रोजगार परामर्श – प्रकोष्ठ (Placement Cell) :–

महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ – साथ विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए ''रोजगार परामर्श – प्रकोष्ठ'' भी स्थापित हैं।

- इस सत्र में रोजगार परामर्श – प्रकोष्ठ में निदेशालय से कुल 34,000/- रूपये की राशि प्राप्त हुई जिसमे से 14,000/- रूपये की राशि से 45 पुस्तकें खरीदी गई। वर्तमान में 1319 पुस्तके रोजगार परामर्श – प्रकोष्ठ में हैं।
- प्रकोष्ठ में उद्योग क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर श्री राहुल यादव औधोगिक निरीक्षक के द्वारा एक्सटेंशन लेक्चर करवाया गया।

इसके लिए डॉ० हरनाम सिंह जी (प्रा० भूगोल) बधाई के पात्र है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी / YRC :-

महाविद्यालय में Youth Red Cross भी कार्यरत हैं। जिसके अन्तर्गत :–

1. दिनांक 05/09/2021 को 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर 18 स्वयंसेवको ने इंदिरा गाँधी मीरपुर विश्वविद्यालय, रेवाड़ी में हिस्सा लिया।
2. दिनांक 16/11/2021 को यूथ रैड क्रॉस के अन्तर्गत महाविद्यालय की जिन छात्राओं की वार्षिक आय 50,000/- से कम थी, मैरिट के आधार पर 50 छात्राओं का चयन करके स्वेटर वितरित किए गए।
3. दिनांक 07/12/2021 को नेहरू युवा केन्द्र नारनौल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में दो छात्राएं गरिमा व प्रियंका ने हिस्सा लिया।
4. दिनांक 04/02/2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'बौद्विक सम्पदा अधिकार' पर U.G.C द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में श्री जयवीर जी द्वारा व्याख्यान देकर छात्राओं को जागरूक किया गया।
5. दिनांक 23 से 28/03/2022 तक लड़कियो के लिए राज्य स्तरीय युवा रेड क्रॉस प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन हरिद्वार में हुआ। जिसमे महाविद्यालय की प्राध्यापिका श्रीमती पिंकी जी (रसायन शास्त्र)

के नेतृत्व में पाँच छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी का पुरस्कार प्राप्त किया। इसके लिए श्रीमती पिंकी (रसायन शास्त्र) व छात्राएं बधाई की पात्र हैं।

इन सभी गतिविधियों के सफल संचालन के लिए युवा रेड़ क्रॉस प्रभारी श्री रणवीर सिंह जी बधाई के पात्र हैं।

**<u>इंग्लिश लेग्वेज लैब</u> :–**

महाविद्यालय में इंग्लिश लेग्वेज लैब संचालित हैं तथा 14 कम्प्यूटर उपलब्ध हैं और 26 कम्प्यूटरों की आवश्यकता हैं। इन कम्प्यूटरों की मदद से छात्राओं को अंग्रेजी भाषा में डॉ० प्रदीप कुमार द्वारा दक्षता प्रदान की जा रही हैं। इसके लिए ये बधाई के पात्र हैं।

**<u>छात्रवृत्तियां</u> :–**

1. इस महाविद्यालय में निदेशालय उच्चतर शिक्षा हरियाणा, पंचकूला की तरफ से अनुसूचित जाति की 183 छात्राओं को (Consolidated Stipend and Free Books Scheme for SC ) 25,62,000/- रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।
2. इस महाविद्यालय में पिछड़ी जाति की 184 छात्राओं के (Post Matric Scholarship Scheme for BC) छात्रवृत्ति आवेदन सत्यापित किए गए हैं।
3. State Merit Scholarship to UG Girls के स्कीम के तहत 07 छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन सत्यापित किए गए हैं।
4. Haryana State Meritiorious Incentives Scheme के स्कीम के तहत महाविद्यालय की 13 छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन सत्यापित किए गए हैं।

इस सम्पूर्ण कार्य को सहायक प्राध्यापिका श्रीमती ममता बायला अर्थशास्त्र विभाग, एवं श्री कुलदीप जी रसायन शास्त्र विभाग पूरी तन्मयता से कर रहें हैं। इसके लिए ये बधाई के पात्र हैं।

**<u>बर्सर</u> :–**

डॉ० अखिलेश कुमार, वनस्पति विभाग, महाविद्यालय के बर्सर पद के दायित्व का निर्वहन अत्यन्त निष्ठा व कुशलतापूर्वक कर रहे हैं। मैं उनके इस कार्य के लिए आभार व्यक्त करती हूँ।

**<u>समाचार – सम्प्रेषण</u> :–**

महाविद्यालय में विभिन्न विभागों की वर्ष भर होने वाली गतिविधियों को समाचार पत्रों में भेजने का कार्य डॉ० सुनीता यादव (हिन्दी विभाग) पूरे लग्न व निष्ठा से कर रही है। जिसके लिए ये बधाई के पात्र हैं।

**<u>ट्यूटोरियल ग्रुप तथा प्रोक्टोरियल्ज</u> :–**

विद्यार्थियों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में विभिन्न ट्यूटोरियल ग्रुपों की व्यवस्था की गई है। यह कार्य वरिष्ट ट्यूटर डॉ० अखिलेश कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान) के निर्देशन में किया गया हैं। इसके लिए ये बधाई के पात्र है।

## कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ :–

महाविद्यालय में कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्य कर रहा हैं, दिनांक 26 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय में 'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए डॉ० हरनाम सिंह जी बधाई के पात्र हैं।

## रेड रिबन क्लब :–

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब की स्थापना की गई है जिसमे कोरोना महामारी के काल में छात्राओं के कोरोना के बचाव एवं उपचार के लिए महाविद्यालय में समय – समय पर वैक्सीन कैम्प भी लगाए गए। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नांगल चौधरी से स्वास्थ्य टीम आयी। इसके सफल संचालन के लिए श्री रणवीर सिंह (सहायक प्रोफेसर, भूगोल) बधाई के पात्र हैं।

## महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियाँ :–

महाविद्यालय में विभिन्न विभागों द्वारा समय – समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करवाया गया :– कॉविड़ और उसके टीकाकरण पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, हमारे वैज्ञानिक को जानों विषय पर निबंध लेखन, ओजोन दिवस पर निबंध लेखन, भूगोल और आय विषय पर स्लोगन लेखन, शिक्षक दिवस पर स्लोगन लेखन, हिन्दी दिवस पर ऑनलाइन काव्य पाठ, भोपाल गैस त्रासदी पर निबंध लेखन, राष्ट्रीय एकीकरण दिवस पर ऑनलाइन निबंध लेखन, संविधान दिवस पर भाषण, भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर पोस्टर मेंकिग, पंडित जवाहरलाल नेहरू की आर्थिक नीतियों के उपलक्ष्य में निबंध लेखन, वर्तमान आर्थिक युग के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर निबंध लेखन, राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रश्नोत्तरी, भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के भविष्य पर ऑनलाइन निबंध लेखन, Ecectircal Symbals पर पोस्टर मेंकिग, Doctor's Day पर ऑनलाइन निबंध लेखन World Students Day पर निबंध लेखन, विश्व कैंसर दिवस पर ऑनलाइन पोस्टर मेंकिग, अन्तर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर निबंध लेखन, वाणिज्य विभाग द्वारा IPR Awareness Programme पर ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबिनार, प्रेमचन्द जंयती पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, बाल दिवस पर स्लोगन लेखन, गुरूनानक जयंती पर भाषण, एवं सभी विभागों द्वारा राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके लिए सभी प्राध्यापक बधाई के पात्र हैं।

## बैजनाथ चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट का योगदान :–

बैजनाथ चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में सरस्वती मां की प्रतिमा का अनावरण दिनांक 16 नवम्बर 2021 मंगलवार को दिवगंत समाज सेवी स्वर्गीय श्री बैजनाथ चौधरी जी के सुपुत्र श्री गोविन्द राम चौधरी जी के करकमलों द्वारा किया गया था।

- छात्राओं के लिए 10 सिलाई मशीनें बैजनाथ चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रदान की गई हैं।
- महाविद्यालय में बैजनाथ चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दो स्टोर रूम बनवाएं गये हैं व विभिन्न विभागो व पुस्तकालय के नवीनीकरण के लिए भी सहयोग राशि प्रदान की गई। इसके लिए मैं श्री गोविन्द राम चौधरी जी, ट्रस्टी, बैजनाथ चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट का धन्यवाद करती हूँ।

इसके लिए समस्त महाविद्यालय परिवार बैजनाथ चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट का सदैव ऋणी रहेगा।

## प्राध्यापक – वृन्द की उपलब्धियाँ :–

महोदय इस महाविद्यालय के प्राध्यापक न केवल शिक्षण कार्य को समर्पण भाव से कार्य करते हैं, बल्कि स्वयं भी स्वाध्याय और शोध – कार्य में संलग्न रहते हैं :–

### ➢ डॉ० अखिलेश कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान) :–

महोदय जी, महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अखिलेश कुमार ने निम्न गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जो इस प्रकार हैं :–

1. दिनांक 16 जुलाई 2021 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा आयोजित 'शाारीरिक और मानसिक इच्छाशक्ति में खेल' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
2. दिनांक 24 जुलाई 2021 को एसडी कॉलेज अंबाला कैंट द्वारा आयोजित नैक आर. ए. एफ. में ग्रेड $ए^{+}/ए^{++}$ के साथ प्रक्रिया संबंध कॉलेजों पर नैक मान्यता के अनुभव को साझा करने पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
3. दिनांक 30 जुलाई 2021 को सरदारशाह राजस्थान द्वारा आयोजित सत्त विकास के मुद्दे के लिए अंत विषय 'विषय पर्यावरण प्रबंधन' पर एक दिवसीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा इसी दिन एन आई जी एम टी फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक व्यावहारिक दृष्टिकोण कार्यक्रम में भाग लिया।

### ➢ श्रीमती संतोष यादव (सहायक प्रोफेसर, जीव विज्ञान) :–

1. प्राध्यापिका जी ने दिनांक 20 सितम्बर 2021 गुरूनानक खालसा कॉलेज यमुनानगर द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा में असंवेदनशील गुणवत्ता पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
2. दिनांक 24 जनवरी 2022 को पी. जी. कॉलेज अम्बाला कैंट द्वारा आयोजित 'भोजन और पोषण शिक्षा स्वस्थ जीवन' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।

### ➢ डॉ० हरनाम सिंह (सहायक प्रोफेसर, भूगोल) :–

1. दिनांक 21 मार्च, 2022 को एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का इ – सेमीनार जिसका विषय 'जलवायु परिवर्तन एवं जल संसाधन' था में भाग लिया।

### ➢ श्रीमती ममता बायला (सहायक प्रोफेसर, अर्थशास्त्र) :–

1. प्राध्यापिका जी ने दिनांक 18 अगस्त 2021 को उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित सत्त विकास के लिए एक अंतः विषय पर्यावरण मुद्दे और चुनौतियां एक व्यावहारिक दृष्टिकोण विषय पर एन. सी. सी. मुख्यालय रोहतक में ऑनलाइन वेबिनार में भाग लिया।
2. प्राध्यापिका जी ने दिनांक 25 अक्तूबर, 2021 से दिनांक 09 नवम्बर, 2021 तक अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी, अलीगढ़, द्वारा आयोजित पर्यावरण अध्ययन पर ऑनलाइन रिफरेशर कोर्स किया।
3. दिनांक 25 मार्च 2022 को परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस जयपुर द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड रिसर्च – 2022' में भाग लिया।

### ➢ डॉ० पूनम बाई (सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी) :–

1. प्राध्यापिका जी ने दिनांक 23 सितम्बर 2021 से 08 अक्टूबर 2021 तक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़, में मानव संसाधन विकास केन्द्र विषय पर रिफरेशर कोर्स किया।

### ➢ डॉ० सुशीला यादव (सहायक प्रोफेसर, हिन्दी) :–

1. प्राध्यापिका जी को दिनांक 17 अगस्त 2021 को शोध का विषय ''डॉ० रांगेयराघव एवं फणीश्वर नाथ रेणु के आंचलिक उपन्यासों का तुलनात्मक अध्ययन'' पर राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर से

पीएच.डी अवार्ड हुई इसके लिए प्राध्यापिका महाविद्यालय परिवार की ओर से बहुत ही बधाई के पात्र हैं।

2. प्राध्यापिका जी ने दिनांक 10 से 17 जुलाई 2021 तक (सात दिवसीय) डी.ए.वी. कॉलेज अमृतसर द्वारा आयोजित ''वैश्वीकरण तकनीकी करण के दौर में हिन्दी का बढ़ता वर्चस्व एवं संकाय विकास कार्यक्रम'' में प्रतिभागिता निभाई ।
3. दिनांक 23 से 29 दिसम्बर 2021 तक शासुन जैन कॉलेज फार वीमेन मद्रास द्वारा आयोजित साहित्य विविध विमर्श विषय पर फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम में भाग लिया।
4. दिनांक 8 से 22 फरवरी 2022 तक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ में हिन्दी नवजागरण के अध्ययन की समस्याओं पर रिफरेशर कोर्स किया।
5. दिनांक 23 से 28 फरवरी 2022 तक राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूँ और क्रेडेण्ट टी.वी. जयपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय डियर साहित्यकार सम्मेलन में भाग लिया।

➢ **श्री रणवीर सिंह (सहायक प्रोफेसर, भूगोल) :–**

1. प्राध्यापक जी ने दिनांक 20 दिसम्बर 2021 से 19 जनवरी 2022 तक टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन ओरिएनटेंशन प्रोग्राम में भाग लिया।

➢ **श्रीमती पिंकी (एक्सटेंशन लेक्चरर, रसायन शास्त्र) :–**

1. प्राध्यापिका जी ने यू.जी.सी सूची सत्र 2021 में दो शोध पत्र प्रकाशित किए।

## महाविद्यालय की मुख्य उपलिब्धयाँ :–

1. महाविद्यालय में सत्र 2021–22 में छात्राओं के लिए लॉन का निर्माण किया गया व छात्राओं के बैठने के लिए 18 बैंचो की व्यवस्था की गई।
2. महाविद्यालय में छात्राओं के लिए इस सत्र में वाचनालय की व्यवस्था की गई, ताकि छात्राएं अपने खाली समय में बैठ कर अध्ययन कर सके। इस वाचनालय में 6 बड़ी टेबल, 4 न्यूज पेपर स्टेंड, 2 मैंगजीन स्टेंड, बुक शैल्फ, कूलर व कुर्सियों की व्यवस्था की गई हैं।
3. इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में परमवीर चक्र से सम्मानित हस्तियों की (वॉल ऑफ हीरोज) व भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रथम स्थान पर रहने वाली महिलाओं की तस्वीर लगाई गई हैं, ताकि छात्राऐं उनसे प्रेरित हो सके।
4. इस वर्ष महाविद्यालय की प्रथम ''दुर्गा पत्रिका'' का प्रकाशन किया गया है। पत्रिका का नाम स्व. श्री बैजनाथ चौधरी जी की धर्मपत्नी के नाम पर रखा गया है। पत्रिका को तैयार करने के लिए मुख्य सम्पादिका डॉ० सुशीला यादव व सम्पादक मण्डल के अन्य सदस्य श्रीमती संतोष यादव, डॉ० सुनीता यादव, डॉ० प्रदीप कुमार व प्रिटिंग के संयोजक श्री रमन यादव का भी मैं आभार व्यक्त करना चाहती हूँ, जिन्होंने महाविद्यालय की पहली पत्रिका को तैयार करवाने में अपना विशेष रूप से सहयोग दिया। इसके लिए ये सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएं :–

1. यह महाविद्यालय ग्रामीण आंचल में स्थित हैं, तथा यहाँ 15 किलोमीटर की दूरी से छात्राएँ अध्ययन के लिए आती हैं। छात्राओं के शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए हिन्दी, अंग्रेजी और राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर कक्षाएँ आरम्भ करने की आवश्यकता हैं, ताकि छात्राओं को पी. जी. की कक्षाओं के लिए दूर जाने की आवश्यकता न हो। इसके लिए निदेशालय को दो बार पत्र भी लिखा गया है।
2. महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या का देखते हुए एक और एन.एस.एस यूनिट की आवश्यकता हैं। इसके लिए प्राचार्या महोदया जी ने कुलपति जी को अवगत कराया जिस पर उन्होंने सहर्ष

सहमति व्यक्त कि इसके लिए हम उनका धन्यवाद व्यक्त करते हैं। अपितु इसकी विधिवत घोषण कि जानी अभी शेष हैं।

3. मुख्य सडक मार्ग पर बस क्यू शैल्टर न होने से बस स्टॉप पर सभी बसें नही रूकती हैं, जिससे छात्राओं को महाविद्यालय आने में असुविधा होती हैं। अतः बस क्यू शैल्टर की आवश्यकता है।
4. मुख्य सड़क मार्ग पर महाविद्यालय के नाम का गेट न होने के कारण बाहर से आने वाले किसी भी नवागन्तुक को महाविद्यालय का पता नही लगता है। इसलिए मुख्य सड़क मार्ग पर महाविद्यालय के नाम के गेट की भी आवश्यकता है।
5. यह महिला महाविद्यालय है, इसलिए महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर बाहर से आने जाने वाले व्यक्तियों पर नजर रखना अति आवश्यक है। इसके लिए महाविद्यालय के मुख्य द्वार के पास चौकीदार के कमरे की भी आवश्यकता है।
6. श्रीमान् जी सरकार के द्वारा खेलों को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए सरकार ने नौकरियों में 3 प्रतिशत कोटा भी निर्धारित किया गया है। महाविद्यालय मे वॉलीवॉल ग्राउंड को तैयार करने के लिए ग्रांउड की सफाई व वॉलीबॉल नेट स्थापित करवा दिया गया है, उसके चारों तरफ लोहे की जाली लगवाने की आवश्यकता है।
7. यद्यपि इस वर्ष उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा 39.43 लाख रूपये की ग्रांट कैन्टीन व पार्किंग के निर्माण के लिए सत्र 2021–22 में प्राप्त हुई है, परन्तु चार माह बीतने के बाद भी महाविद्यालय में कैन्टीन व पार्किंग का निर्माण कार्य कार्यकारी अभियंता P.W.D विभाग के द्वारा अभी तक शुरू नहीं करवाया गया है। इसके लिए महाविद्यालय द्वारा निदेशालय व P.W.D विभाग को कई बार पत्र भेजा जा चुका है। जिसके निर्माण की महाविद्यालय में नितांत आवश्यकता है।
8. महाविद्यालय परिसर के अन्दर से नगर पालिका के द्वारा नाला निकाला गया है। नाला कच्चा होने के कारण बरसात के समय में खेल – कूद मैदान की मिट्टी नाले के पानी में बहकर जोहड़ में चली जाती हैं, नगर पालिका ने नाले का निर्माण करवाते समय महाविद्यालय की चार दीवारी को तुड़वा दिया था जिसके कारण कुछ बाहर के लोग महाविद्यालय में शौच के लिए आते हैं। अतः उस चार दीवारी की मरम्मत करवाने की अति आवश्यकता है। इसके लिए महाविद्यालय द्वारा नगर पालिका को पत्र भी भेजा गया है।
9. महाविद्यालय में साफ–सफाई की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एक स्वीपर की और आवश्यकता है।

❖ उपर्युक्त विवरण के उपरान्त मैं आज के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि मान्यवर Prof. J. P. Yadav (VC, IGU, Meerpur, Rewari) व वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि Prof. Parmod Kumar (Registrar, IGU, Meerpur, Rewari) तथा आज के कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री गोविंद राम चौधरी जी, ट्रस्टी, बैजनाथ चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट, श्री रामानंद अग्रवाल जी, ट्रस्ट के अन्य सदस्यों, महाविद्यालयों से आए प्राचार्य एवं उपस्थित गणमान्य अतिथिगण के प्रति मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। जिन्होंने अपनी अत्यधिक व्यस्तता में से समय निकालकर हमें समय दिया। निश्चित रूप से यहाँ आपकी उपस्थिति हमारे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद रहेगी। मुझे पूरी आशा व उम्मीद है कि भविष्य में भी आपका आशीर्वाद इसी प्रकार छात्राओं को मिलता रहेगा।

➢ आज के इस पावन अवसर पर मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से उन उदार महानुभावों के प्रति भी कृतज्ञ हूँ, जिन्होंने इस महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए वित्तीय सहायता देकर उन्हें भी प्रोत्साहित किया और मेरा भी सम्मान बढ़ाया है।

➢ आज के तकनीकी विकास के युग में हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्रीमान् मनोहर लाल खट्टर जी ने अपने प्रगतिशील एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण का परिचय देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रबुद्ध

शिक्षाविदों द्वारा छात्राओं को ज्ञान दिलाया। इस महत्वपूर्ण एवं उपयोगी शिक्षण कार्य के लिए भी मैं उनका धन्यवाद करती हूँ। मैं धन्यवाद करती हूँ माननीय शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल गुर्जर जी का जिन्होंने उच्चतर शिक्षा को नया आयाम दिया है।

- इसके अतिरिक्त, इस पावन अवसर पर माननीय श्री संजीव कौशल जी मुख्य सचिव हरियाणा सरकार, श्री पी. के. दास जी वित्त आयुक्त हरियाणा सरकार, श्री आनंद मोहन शरण जी अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा, पंचकूला, श्री राजीव रतन जी निदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा, पंचकूला, श्री श्यामलाल पुनिया जी उपायुक्त महेन्द्रगढ़, श्री चन्द्रमोहन जी पुलिस अधीक्षक महेन्द्रगढ़ तथा उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) महेन्द्रगढ़, लोक निर्माण विभाग महेन्द्रगढ़, विद्युत बोर्ड नारनौल तथा अन्य श्रेत्रीय महानुभावों का जिन्होंने भी इस महाविद्यालय की प्रगति एवं विकास में विशेष योगदान दिया है, उनकी मैं अत्यन्त आभारी हूँ। यहाँ उपस्थित सभी माननीय व्यक्तियों, विशेषकर मुख्य अतिथि महोदय तथा अन्य प्राध्यापकगण को भी मैं साधुवाद देना चाहती हूँ, जिन्होंने इस पावन एवं मंगल अवसर पर पहुंचकर इसकी शोभा दुगुनी की। मैं अपने विद्यार्थियों द्वारा दिये गए सहयोग के लिए भी धन्यवाद देती हूँ तथा पूर्ण आशा करती हूँ कि भविष्य में भी वे अपने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के लिए स्वस्थ एवं स्वच्छ मानसिकता कर परिचय देगें। इसी के साथ मैं दीक्षांत समारोह में उपस्थित सभी स्नातक की उपाधि से अंलकृत छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की भी कामना करती हूँ, जिनको आज स्नातक उपाधि से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्राओं को आगामी परीक्षाओं में आशातीत सफलता हेतु शुभकामनाएं देती हूँ।

मैं अपने समस्त अनुभवी एवं कर्मठ प्राध्यापकवृन्द एवं समस्त कर्त्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग का भी धन्यवाद करती हूँ, जिनके सहयोग से यह दीक्षांत व वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका।

श्रीमती ममता बायला सहायक प्राध्यापिका (अर्थशास्त्र विभाग) व डॉ० सुनीता यादव एक्सटेंशन लेक्चरर (हिन्दी विभाग) को भी मैं नहीं भूली हूँ, जिन्होंने अपने अथक प्रयास और बड़ी लगन से यह आलेख तैयार किया।

अन्त में मैं अपने महाविद्यालय के सोनू कम्प्यूटर ऑपरेटर का भी आभार प्रकट करती हूँ, जिन्होंने यह आलेख छापकर मुझे सौंपा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं पुनः आप सब के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करती हूँ।

अन्त में आप सभी का पुनः बहुत – बहुत धन्यवाद।

नांगल चौधरी
दिनांक :– 22/04/2022

डॉ० अनिता तँवर
एच० ई० एस० – 1
प्राचार्या
बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय
नांगल चौधरी (महेन्द्रगढ़)